Regarding expeditious construction of bridge on N.H. 309 in Ramnagar in Nainital district, Uttarakhand - laid

श्री तीरथ सिंह रावत (गढ़वाल): मैं सरकार का ध्यान केंद्र के द्वारा रामनगर (नैनीताल) के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या- 309 पर धनगढ़ी नाले पर पुल निर्माण की स्वीकृति दिए जाने के संदर्भ में आकर्षित करना चाहता हूं। साथ ही इस बात की जानकारी भी देना चाहता हूं कि इस प्रोजेक्ट पर टेंडर प्रक्रिया भी आरंभ कर दी गई थी, परंतु यह प्रक्रिया अभी भी बाधित है। राष्ट्रीय राजमार्ग होने के कारण बरसात के दिनों में पुल नहीं बनने से लोगों को रामनगर आने के लिए काफी परेशानी होती है और वाहन के आवागमन में भी हमेशा समस्या होती है। मैं आपको यह भी सूचित करना चाहता हूं कि प्रत्येक वर्ष रामनगर के निकट धनगढ़ी नाला बरसात में विकराल रूप ले लेता है और प्रतिवर्ष अनेक वाहनों के बहने और जनहानि की घटनाएं होती है। पूर्व में राज्य सरकार व जनप्रतिनिधियों द्वारा भी इस पुल के निर्माण के निरंतर प्रयास किए गए। परंतुं वे अपने कार्य में सफल नहीं हुए।

धनगढ़ी पुल के निर्माण के बाद बरसात के मौसम में रामनगर और पहाड़ी क्षेत्रों अर्थात् गढ़वाल और कुमाऊं के वाहनों को आने और जाने में निर्बाध आवागमन जारी रहेगा और कोई जन एवं संपत्ति की हानि भी नहीं होगी। मैं भारत सरकार द्वारा उत्तराखंड ऑल वेदर रोड सहित राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्य प्रगति से करने के लिए धन्यवाद करता हूं और इसके कारण आने वाले वर्षों में उत्तराखंड की यात्रा पूरी तरह से सहज और सुगम हो जाएगी। मैं केंद्र सरकार से धनगढ़ी पुल के निर्माण की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने का आग्रह करता हूं, जिससे लोगों को रामनगर आने और जाने में कोई परेशानी ना हो।